an>

title: Need to give compensation to farmers for crop damaged due to heavy rains.

श्री भीमराव बी. पाटील (ज़हीराबाद) : सभापति महोदय, धन्यवाद। मैं किसानों के बारे में कुछ बातें कहना चाहता हूं। अभी मार्च के अंतिम हफ्ते में हेवी स्टोन एवं रेन की वजह से 30 हजार हेक्टेयर के आस-पास पैडी का और 10 हजार हेक्टेयर के आस-पास मेज़ एवं ज्वार का फसल का बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। इस वजह से हमारे क्षेत्र के किसान बहुत ही चिंता में है।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि प्रभावित किसानों को कंपसेशन दिया जाए। फार्मर्स ने इसके लिए प्रीमियम भी पे किए हैं। मेरा एक दूसरा छोटा सा सवाल है कि हमारे तेलंगाना में मिर्ची को कैश क्रॉप माना जाता है। विगत साल मिर्ची का रेट 12 से 15 हजार रूपये था, लेकिन इस साल 3500 रूपये से 4000 रूपये के बीच का रेट है। इसका भी एम.एस.पी. डिसाइड होना चाहिए। अगर आने वाले दिनों में किसानों को मिर्ची का रेट 7 से लेकर 8 हजार रूपये तक मिलेगा तो किसानों को दिलासा मिलेगा, क्योंकि वे बहुत ही चिंतित हैं। मैं आपके माध्यम से कृषि मंत्री जी से विनती करना चाहता हूं कि वे इन दोनों मामलों में दखल दें एवं हमारे क्षेत्र के किसानों की मदद करें।